# भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006

रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org

फोन : 0522-4323838, मो० नं० : 9839392275


पत्रांक संख्या – संग-21-जम्बूरी/12060/2024-25 दिनांक 07.12.2024

सेवा में,

समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक

उत्तर प्रदेश |

विषय : डायमण्ड जुबली जम्बूरी – तमिलनाडु में प्रतिभागियों के पंजीकरण के सम्बन्ध में |

महोदय,

प्रादेशिक मुख्यालय के पत्रांक संख्या संग-21-जम्बूरी/2021/2024-25 दिनांक 02.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से दिनांक 28.01.2025 से 03.02.2025 तक स्थान SIPCOT Industrial Park, Manapparai, Trichy, Tamil Nadu में आयोजित होने वाली डायमण्ड जुबली जम्बूरी हेतु विवरण प्रेषित किया गया था | जिसके क्रम में अवगत कराना है कि जम्बूरी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का निम्नानुसार पंजीकरण किया जाना है :-

1. **ANNEXURE – "A"** के अनुसार प्रतिभागियों का विवरण और पंजीकरण शुल्क दिनांक 10.12.2024 तक प्रादेशिक मुख्यालय की ई मेल आई०डी० upscoutsguides@yahoo.com पर प्रेषित किया जाना है |
2. **ANNEXURE – "B"** में दिए गये विवरण के अनुसार समस्त प्रतिभागियों को जम्बूरी में प्रतिभाग करने हेतु अपना पंजीकरण www.bsgevents.in वेबसाइट के माध्यम से स्वयं करना होगा |

भवदीय,

संलग्न : उक्तवत |

(आनन्द सिंह रावत) 7-12-24

प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि : निम्न की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश |
2. प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश |
3. प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश |
4. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
5. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश |
6. समस्त जिला मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश |
7. समस्त जिला सचिव/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) उत्तर प्रदेश |

(आनन्द सिंह रावत) 7-12-24

प्रादेशिक सचिव

भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश
प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
फोन : 0522-4323838, मो० नं० : 9839392275

पत्रांक संख्या – ............................/ .................. दिनांक ............................

# DIAMOND JUBILEE JAMBOREE

## ANNEXURE - A

## CONTINGENT REGISTRATION FORM (PARTICIPANTS & FEE)

| **Name of the District** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| No of Scouts | No of Adult Leaders (Scout Wing) | No of Guides | No of Adult Leaders (Guide Wing) | Total Participants |
| | | | | |
| REGISTRATION FEE DETAILS | | | | |
| Total Scout / Guide Fee @ Rs. 3000 x ........... Scouts & Guides = Total Rs. ......................... | | | | |
| Total Adult Leaders Fee @ Rs.3500 x .........Adult Leaders (S/G)= Total Rs. ......................... | | | | |
| Total Fee Rs. ......................... | | | | |

Transferred through RTGS    Deposited in Bank    Demand Draft

Enclosed Total amount Rs.______________(in words) ______________________________

Signature of District Secretary

**For SHQ Use Only**

Verified and found Correct. The amount is credited in the Bharat Scout and Guide, Uttar Pradesh bankaccount as per the details given above.

Amount ..................................Receipt Number .........................................Date.........................................

Accountant

# BHARAT SCOUT AND GUIDE, UTTAR PRADESH

## District Association ..............................................................

**DIAMOND JUBILEE JAMBOREE PARTICIPANTS DETAILS**

| SL | NAME | FATHER NAME | BSG UID | RANK | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |
| 10 | | | | | |
| 11 | | | | | |
| 12 | | | | | |
| 13 | | | | | |
| 14 | | | | | |
| 15 | | | | | |
| 16 | | | | | |
| 17 | | | | | |
| 18 | | | | | |
| | | | | TOTAL | |

Signature of District Secretary

# BHARAT SCOUT AND GUIDE, UTTAR PRADESH

## ANNEXURE – B

## DIAMOND JUBILEE JAMBOREE

## PARTICIPANTS REGISTRATIONDETAILS

❖ **DIAMOND JUBILEE JAMBOREE** में पंजीकरण हेतु ध्यान देने योग्य बातें :-

- प्रतिभागी की BSG UID होना अनिवार्य है |
- प्रतिभागी का मोबाईल नंबर आधार से पंजीकृत होना अनिवार्य है |
- प्रतिभागी/अभिभावक की ई०मेल आई०डी० सक्रीय होना अनिवार्य है |
- प्रतिभागी का फोटो सफ़ेद पृष्टभूमि पर 4x4 CM के साइज़ में अपलोड करें |

❖ **REGITRATION PROSSES**

- सबसे पहले अपने मोबाइल/लैपटॉप के ब्राउज़र के माध्यम से www.bsgevents.in वेबसाइट खोलनी है |
- वेबसाइट में दाहिनी तरफ उपर Register Now पर क्लिक करेंगे |
- FULL NAME अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में भरेंगे |
- मोबाइल नंबर
- E-MAIL ID भरेंगे |
- अपना एक पासवर्ड बनायेंगे |
- SIGN UP बटन पर क्लिक करेंगे |
- आपके द्वारा दिया गया मोबाइल नंबर पर एक OTP आयेगा OTP भरने के बाद SUBMIT बटन पर क्लिक करें |
- अपना ईमेल खोले और बीएसजी इवेंट्स की तरफ से वेरीफाई लिंक आया है उस लिंक पर क्लिक करके अपना ईमेल कंफ़र्म करें|
- अब दोबारा www.bsgevents.in की website खोलना है और SIGN IN बटन पर क्लिक करके SIGN IN करेंगे |
- लॉग इन के बाद REGISTRATION FORM पर क्लिक करें |
- REGISTRATION FORM में दिए गये 5 चरणों को पूर्ण करें |
- पुन: www.bsgevents.in पर SIGN IN करेंगे |
- Apply Event पर क्लिक करें और DIAMOND JUBILEE JAMBOREE के Apply बटन पर क्लिक कर रैंक (स्काउट/गाइड/यूनिट लीडर) कर क्लिक कर पंजीकरण पूर्ण करें |

विस्तृत जानकारी हेतु :

❖ निम्न QR CODE के माध्यम से **REGITRATION PROSSES** की वीडियो देखे |



# भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006

रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org

फोन : 0522-4323838, मो० नं० : 9839392275


पत्रांक संख्या – संग-21-जम्बूरी / 2021 /2024-25 दिनांक 02/12/2024

सेवा में,

समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक
उत्तर प्रदेश।

**विषयः - डायमण्ड जुबली जम्बूरी – तमिलनाडु के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

राष्ट्रीय मुख्यालय, भारत स्काउट और गाइड, नई दिल्ली के सर्कुलर नम्बर 220/2024 दिनांक 18.11.2024 के अनुपालन में आपको अवगत कराना है कि **डायमण्ड जुबली जम्बूरी** का आयोजन दिनांक **28.01.2025** से **03.02.2025** तक की अवधि में स्थान **SIPCOT इंडिस्ट्रीयल पार्क (SIPKOT कैंपस), मनप्पाराई, तिरुचिरापल्ली, जिला त्रिची तमिलनाडु - 621306** में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया हैं। आपकी सेवा में जम्बूरी से सम्बन्धित विस्तृत सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है –

(1) **कार्यक्रम का नाम** – डायमण्ड जुबली जम्बूरी
(2) **जम्बूरी स्थल** – SIPCOT इंडिस्ट्रीयल पार्क (SIPKOT CAMPUS), मनप्पाराई, तिरुचिरापल्ली, जिला (त्रिची) तमिलनाडु - 621306.
(3) **तिथियां** – 28th जनवरी से 03rd फरवरी, 2025.
(4) **पहुंचने की तिथि** – 26th जनवरी, 2025 को दोपहर भोजन से पूर्व पहुंचना अनिवार्य है।
(5) **जम्बूरी से मुक्ति** – 03rd फरवरी, 2025 दोपहर भोजन के बाद।
(6) **निर्धारित कोटा** – मण्डलवार कोटा संलग्न है।
(7) **प्रतिभागियों का चयन** – न्यूनतम द्वितीय सोपान उत्तीर्ण 13 से 17 वर्ष आयु तक के स्काउट/गाइड।

**2–** स्काउट/गाइड का चयन करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखा जाय कि वे स्वस्थ एवं अनुशासित हो तथा स्काउट/गाइड कार्यों में निपुण हों। मण्डल स्तर की टीम का चयन मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट/गाइड) संयुक्त शिक्षा निदेशक के परामर्श से करेंगे एवं आवंटित कोटे के अनुसार **रुपये 3000/–** प्रति स्काउट/गाइड एवं **रुपये 3500/–** प्रति यूनिट लीडर की दर से जम्बूरी पंजीकरण शुल्क आर0टी0जी0एस0/निफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से **दिनांक 10.12.2024** तक निम्नानुसार खाते में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

(1) **खाते का नाम** – प्रादेशिक सचिव, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड।
(2) **खाता संख्या** – **10122401342**
(3) **IFSC कोड** – SBIN0006144
(4) **बैंक का नाम** – भारतीय स्टेंट बैंक, शाखा– जवाहर भवन, लखनऊ।

**3– अन्य आवश्यक सूचनाएं –**

(1) **भोजन व्यवस्था–** जम्बूरी स्थल पर दिनांक 26.01.2025 से 03.02.2025 तक सामूहिक भोजन व्यवस्था होगी। मण्डलवार भोजन वितरण हेतु कन्टीजेंट लीडर एक मुश्त भोजन प्राप्त करने हेतु पर्याप्त बर्तन लेकर आयेंगे।

(2) **व्यक्तिगत सामग्री –** ए०पी०आर०ओ० भाग–(II) व भाग–(III) के अनुसार दो सेट स्काउट/गाइड वर्दी सिलीपिंग बैग अथवा सामान्य गर्म बिस्तर, रक्सैक, टार्च, पानी की बोतल, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, शिविर से संबंधित व्यक्तिगत एव आवश्यक उपयोग की अन्य समस्त सामग्री एंव भोजन करने के बर्तन, थाली, गिलास, कटोरी, चम्मच आदि साथ लायेंगे।

(3) **पेट्रोलवार सामग्री –** दरी, दो बाल्टी, इमरजेन्सी लाइट, शिविर उपकरण, गैजेट कूड़ा एकत्र करने हेतु पालीथीन के बैग्स, पेट्रोल फ्लैग, की सामग्री (हैण्डीकाफ्ट मटेरियल), फर्स्ट एड बाक्स, कार्यक्रम हेतु वाद्ययंत्र, प्रदर्शनी कैम्पफायर, शारीरिक प्रदर्शन के कार्यक्रम जैसे डम्बल, लेजिम एंव कलरपार्टी का सामान।

प्रत्येक मण्डल मानक के अनुसार पूर्ण साज–सज्जा के साथ कलरपार्टी तैयार करके अवश्य लायें। सर्वश्रेष्ठ कलरपार्टी जम्बूरी में प्रदेश का नेतृत्व करेगी।

(4) **सुरक्षा** – सुरक्षा अपने सामान व कीमती वस्तुओं की सुरक्षा का दायित्व प्रतिभागियों एवं उनके कान्टीजेंट लीडर का होगा। अतः यह आवश्यक होगा कि संत्री ड्यूटी रोटेशन के आधार पर पूरे.समय करनी होगी। सभी प्रतिभागी अपने सामान पर अपने ग्रुप का नाम, पता जनपद मण्डल व प्रदेश का नाम अवश्य लिखें तथा शिविर स्थल पर सब कैम्प नं० भी अवश्य लिखें।

(5) **जम्बूरी स्थल** – तमिलनाडु राज्य भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा 26 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले जंबूरी स्थल तक **तिरुचिरापल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन (टीपीजे) और बस स्टेशन** से स्थानीय परिवहन निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इन स्थानों से जंबूरी स्थल की दूरी लगभग 35 किमी है। जनवरी में यहा का तापमान आमतौर पर 20 डिग्री सेल्सियस से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, और लगभग 23 मिमी बारिश होने की उम्मीद है। प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम के अनुसार कपड़े और किसी भी मौसम की स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए छाता या रेनकोट साथ रखें।

(6) **स्टेट लेविल एक्टिविटी (विंग वाइज)** – 1. स्टेट गेट 2. कैम्प क्राफ्ट 3. कैम्प फायर 4. रंगोली (गाइड) 5. पायनियरिंग प्रोजेक्ट (स्काउट)।

(7) **सामूहिक स्टेट लेविल एक्टिविटीज** – 1. मार्च पास्ट 2. कलरपार्टी 3. फोकडान्स 4. फिजिकल डिस्प्ले 5. प्रदर्शनी 6. स्टेट गेट एक्सपोजीशन 7. पीजेण्टशो 8. ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज 9. बैंण्ड डिस्प्ले

(8) **आवासीय व्यवस्था** – जम्बूरी को स्काउट विंग व गाइड विंग दो भागों में विभाजित किया गया है, अतः दोना विंग हेतु अलग–अलग आवासीय व्यवस्था होगी। कृपया इसे ध्यान में रखकर आवश्यकतानुसार सामग्री लायें।

(9) **फिजीकल डिस्प्ले** – प्रदेश कान्टीजेंट द्वारा एरिना में "लोकनृत्य उत्सव" सामूहिक रूप से किया जायेगा। नृत्य में गीत के बोल परम्परागत वेशभूषा, ताल व लय, वाद्ययंत्र, नृत्य की एकरूपता प्रस्तुतिकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। स्काउट/गाइड, सामूहिक रूप से प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागियों की संख्या 12 से कम नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम के लिए 4 मिनट का समय निर्धारित किया गया है।

(10) **प्रदर्शनी** – जम्बरी में प्रत्येक प्रदेश के कान्टीजेंट को एक प्रदर्शनी लगानी होगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य राष्ट्रीय भावात्मक एकता व सामुदायिक विकास कार्यों को बढ़ावा देना होगा। कृपया इन विषयों से संबंधित सामग्री, फोटोग्राफ्स आदि साथ लेकर आयें। विषय से सबंधित ड्राइंग/पेंटिंग, इलेक्ट्रानिक गजेट्स जो स्काउट/गाइड द्वारा तैयार किए गए हैं, प्रदर्शित कर सकते हैं। तरह–तरह के कलेक्शन भी प्रदर्शनी में रखें जा सकते है। इलेक्ट्रिानिक्स गजेट्स के लिए मांग पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध रहेगा। अतः प्रदर्शनी का सामान टीमें साथ लेकर आएं।

(11) **पीजेण्ट–शो** – पीजेण्ट शो के लिए विशेष तैयारी करनी होगी। अपने जनपद का इतिहास स्थानीय मेलों से सम्बंधित परिधान में सुसज्जित होकर आप द्वारा किए गए सामुदायिक विकास कार्यों का प्रदर्शन, लोकगीत जो आपके क्षेत्र विशेष की झलक प्रस्तुत कर सकें। ढोलक, मजीरा तथा अन्य विभिन्न वाद्ययंत्रों सहित प्रदर्शित कर सकते हैं। इस प्रदर्शन में प्रतिभागियों की संख्या सीमित नहीं है। इसे रोचक बनाने हेतु स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन भी सहयोग कर सकते हैं। इस कार्यकम हेतु 3 मिनट का समय निर्धारित है।

(12) **पायनियरिंग प्रोजेक्ट** – प्रत्येक राज्य को एक स्थान उपलब्ध किया जायेगा, जिसमें उच्च स्तरीय पायनियरिंग का प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी तैयारी में स्काउट मास्टर भी मदद कर सकते हैं। प्रोजेक्ट तैयारी के लिए निर्धारित समय होगा। इसमें विशेष रूप से पायनियरिंग प्रोजेक्ट के माप का ध्यान रखा जायेगा। प्रोजेक्ट की उपयोगिता गाँठे बन्धन कौशल निर्माण में स्वच्छता का ध्यान रखा जायेगा। इसके निर्माण हेतु रस्सी आदि की व्यवस्था कान्टीजेंट की ओर से करनी होगी। बल्ली आदि जम्बूरी स्थल पर किराये पर उपलब्ध हो सकेंगी।

(13) **क्या साथ ले जाना होगा** – कान्टीजेंट किट, प्रदर्शन के लिए झण्डे (राष्ट्रीय और स्काउट/गाइड के) दो–दो, एरिना के क्रियाकलापों के लिए मण्डल की 3 नेम प्लेट (24"x12") पकडने हेतु 12" का डण्डा लगा हो, सफेद प्लेट पर लाल से मण्डल का नाम लिखा हो एंव 2 x 6 फिट का मण्डल का बैनर,

प्रदर्शनी, स्किल ओ रामा, वर्ल्ड विलेज, कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम, कैम्प फायर फॉक डान्स और फिजिकल डिस्प्ले (शारीरिक प्रदर्शन) वाद्ययंत्र, इमरजेंसी लाइट इत्यादि।

4– सांस्कृतिक कार्यक्रमों को छोडकर जम्बूरी में उपस्थित सभी स्काउट्स/गाइड्स, स्काउटर/गाइडर को पूर्ण गणवेश में रहना अनिवार्य होगा। आदर्श स्काउट/गाइड के आचरण की प्रस्तुति सराहनीय व अद्वितीय प्रदर्शन, आनन्द की अनुभूति एंव नियमों के अनुपालन में स्काउट/गाइड तथा स्काउटर्स/गाइडर्स से आत्म अनुशासन कायम रखने की अपेक्षा है।

**5– <u>कन्टीजेंट लीडर /सहायक कंटीजेन्ट लीडर –</u>** मण्डल को नेतृत्व प्रदान करने एंव समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु कुशल एंव अनुभवी स्काउटर/गाइडर को दोनों विभागों के लिए पृथक–पृथक मण्डल का एक–एक कान्टीजेंट लीडर होगा।

**6– मण्डलवार जम्बूरी कोटा/प्रतियोगिता के विषय का आवंटन –**

| क्र. सं. | मण्डल | आवंटित कोटा | | | | कुल संख्या | प्रतियोगिता का विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्काउट | गाइड | स्काउटर | गाइडर | | |
| 1 | आगरा | 20 | 20 | 03 | 02 | 45 | सब कैम्प फायर (स्काउट), स्किल ओ–रामा एवं प्रदर्शनी |
| 2 | अलीगढ़ | 16 | 08 | 02 | 01 | 27 | सब कैम्प फायर (स्काउट) |
| 3 | आयोध्या | 16 | 08 | 02 | 01 | 27 | ग्लोबल डेवलपमेन्ट विलेज |
| 4 | आजमगढ़ | 16 | 10 | 02 | 01 | 29 | ग्लोबल डेवलपमेन्ट विलेज, स्किल ओ–रामा, एवं प्रदर्शनी |
| 5 | बस्ती | 17 | 12 | 03 | 02 | 34 | लोक नृत्य (स्काउट/गाइड) |
| 6 | बरेली | 16 | 12 | 02 | 01 | 31 | स्किल ओ–रामा एवं प्रदर्शनी |
| 7 | चित्रकूट | 16 | 12 | 02 | 01 | 31 | स्किल ओ–रामा एवं प्रदर्शनी |
| 8 | देवीपाटन | 16 | 10 | 02 | 01 | 29 | स्किल ओ–रामा |
| 9 | गोरखपुर | 20 | 10 | 03 | 01 | 34 | ग्लोबल डेवलपमेन्ट विलेज |
| 10 | झांसी | 16 | 10 | 03 | 02 | 31 | शरीरिक प्रदर्शन (स्काउट/गाइड) (योगा, मीनार, डंबल, पी0टी0, मलखम, एरोबिक आदि), एथैनिक फैशन शो एवं स्किल ओ–रामा |
| 11 | कानपुर | 17 | 12 | 03 | 02 | 34 | शरीरिक प्रदर्शन (स्काउट/गाइड) (योगा, मीनार, डंबल, पी0टी0, मलखम, एरोबिक आदि एवं एथैनिक फैशन शो |
| 12 | लखनऊ | 20 | 16 | 04 | 02 | 42 | स्किल ओ–रामा रंगोली (गाइड्स), प्रदर्शनी एवं बैण्ड (स्काउट/गाइड) |
| 13 | मेरठ | 25 | 20 | 04 | 02 | 51 | स्टेट गेट (स्काउट) एवं ग्रैण्ड कैम्पफायर, कैम्प क्राफ्ट |
| 14 | मिर्जापुर | 17 | 12 | 02 | 02 | 33 | सब कैम्प फायर (स्काउट), स्किल ओ–रामा एवं प्रदर्शनी |
| 15 | मुरादाबाद | 20 | 12 | 04 | 02 | 38 | पायनियरिंग प्रोजेक्ट (स्काउट) |
| 16 | प्रयागराज | 20 | 16 | 03 | 02 | 41 | बैण्ड (स्काउट/गाइड) |
| 17 | सहारनपुर | 12 | 20 | 03 | 03 | 38 | स्टेट गेट (गाइड) |
| 18 | वाराणसी | 20 | 20 | 03 | 02 | 45 | स्किल ओ–रामा, मार्च पास्ट (विंगवार प्रतियोगिता), कलर पार्टी संयुक्त (स्काउट/गाइड) एवं प्रदर्शनी |
| | कुल योग | 320 | 240 | 50 | 30 | 640 | – |

7– अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार मण्डलवार कोटे के आवंटन के अनुसार सम्बन्धित को जम्बूरी में प्रतिभागिता के लिये आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें। संलग्नक गूगल फॉर्म में दिये गये विवरण को लिंक/क्यू0आर0 कोड के माध्यम से अपलोड़ करते हुये, हार्ड कापी प्रादेशिक मुख्यालय के ई–मेल(upscoutsguides@yahoo
.com) पर भी भेजने की कृपा करें।

महोदय से पुनः आग्रह है कि उपरोक्तानुसार स्काउट्स/गाइड्स एवं यूनिट लीडर को मण्डलवार कोटे के अनुसार दिए गए समय में पंजीकरण करवाते हुए, जम्बूरी में प्रतिभाग कराने की कृपा करें।

भवदीय

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
2/12/2024
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
2. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
3. समस्त प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
4. महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
5. शिक्षानिदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश।
6. शिक्षानिदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
7. समस्त उप–शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
9. प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
10. प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
11. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
12. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी, उत्तर प्रदेश।
14. समस्त जिला मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
15. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
2/12/2024
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०